दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

झरिया के सिंहनगर में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश / झरिया के सिंहनगर में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश

Govindpur News - भास्कर न्यूज | अलकडीहा/भगतडीह झरिया के सिंहनगर स्थित गुलगुलिया पट्टी में नकली शराब की फैक्ट्री चल रही थी। इसका...

May 24, 2018, 02:45 AM IST

भास्कर न्यूज | अलकडीहा/भगतडीह

झरिया के सिंहनगर स्थित गुलगुलिया पट्टी में नकली शराब की फैक्ट्री चल रही थी। इसका खुलासा मंगलवार की रात झरिया पुलिस ने किया है। पुलिस ने गुलगुलिया पट्टी के रामबाबू धीकार के आवास के समीप कमरे में छापामारी की। यहां से पुलिस ने भारी मात्रा में कच्चा स्प्रिट, खाली बोतल, रैपर और ढक्कन, पैकिंग मशीन के अलावा एक गैलन नकली शराब बरामद किया है। संचालक रामबाबू धीकार भागने में सफल रहा। बताते हैं कि गुप्ता सूचना के आधार पर झरिया थानेदार यूएन राय ने तत्काल एक टीम गठित की, जिसमें राजकुमार पासवान, मनोज कुमार सिंह, लक्ष्मी नारायण महतो ने दल बल के साथ उक्त स्थान पर छापामारी की। छापामारी की सूचना पर उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर महेन्द्र देव सिंह भी झरिया थाना पहुंचे। जब्त नकली शराब जांच के लिए ले गए। बताते हैं कि कई महीनों से सिंहनगर गुलगुलिया पट्टी में नकली शराब बनाने का धंधा चल रहा था। शराब को कतरास मोड़ कोयला मंडी से बिहार जाने वाले ट्रकों से बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में ं खपाने का काम किया जा रहा था। झरिया पुलिस ने दारोगा राजकुमार पासवान के बयान पर रामबाबू धीकार सहित अन्य लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

बरामद की गई नकली शराब को झरिया थाने में देखते पुलिसकर्मी।

गोविंदपुर में कार में लदी शराब की 395 बोतलें जब्त

गोविंदपुर | गोविंदपुर में जीटी रोड के सुभाष चौक पर बुधवार की दोपहर में पुलिस शराब लदी एक कार (बीआर 52पी 0339) को जब्त किया। कार पर लोड कर शराब को अवैध तरीके से पश्चिम बंगाल से बिहार भेजा जा रहा था। सूचना पाकर गोविंदपुर पुलिस ने गाड़ियों की चेकिंग शुरू की। इसी क्रम में सुभाष चौक के पास कार जब्त की गई। पुलिस को देख कर कार को छोड़कर चालक सोनू कुमार गुप्ता भागने लगा, लेकिन उसे स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ लिया गया। सोनू बिहार के शेखपुरा जिले के पंचगांव का रहने वाला है। कार में विभिन्न ब्रांड की शराब की 395 बोतलें पाई गईं। शराब जब्त करने वाली टीम में थाना प्रभारी मनोज कुमार, सअनि एमपी सिंह, मोहन बैठा, गंगा पासवान, मेघनाथ यादव आदि शामिल थे। शराब जब्ती की सूचना पर उत्पाद दारोगा सुमितेश कुमार, सुभाष बेसरा, महेंद्र देव सिंह आदि पहुंचे और शराब को अपने कब्जे में ले लिया। उत्पाद विभाग ही एफआईआर दर्ज कराएगा। पिछले सप्ताह भी गोविंदपुर पुलिस ने जीटी रोड से शराब जब्त की थी।

Source: https://www.bhaskar.com/news/latest-govindpur-news-024502-1782384.html